भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2920
सोमवार, 21 मार्च, 2022/30 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में एसडीएस योजना के तहत विकसित पर्यटन सर्किट

†2920. श्रीमती पूनमबेन माडमः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के तहत अब तक कितने सर्किट विकसित किए गए हैं;

(ख) इस योजना के तहत गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात को कितने निधि आवंटित की गई है; और

(ग) वर्तमान में एसडीएस की उपलब्धियां क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन' योजना के अन्तर्गत गुजरात में तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. सं.	परिपथ का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि करोड़ रु. में	जारी की गई राशि करोड़ रु. में (अभी तक)
1.	विरासत परिपथ	2016-17	अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-डांडी का विकास	58.42	56.21
2.	विरासत परिपथ	2016-17	वडनगर - मोढेरा का विकास	91.11	87.25
3.	बौद्ध परिपथ	2017-18	जूनागढ़ - गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर- राजकोट-मेहसाणा का विकास	26.68	22.28

(ग): स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत गुजरात राज्य में स्वीकृत उक्त तीनों परियोजनाएं भौतिक रूप से पूरी हो चुकी है।

****